समस्त पत्र व्यवहार कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय को सम्बोधित करें, अन्य किसी अधिकारी के नाम से नही

पत्र संख्या :

दिनांक :

प्रेषक,

**कुलसचिव**,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ–226007

सेवा में,

प्रबन्धक / प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
जनपद–लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, हरदोई एवं लखीमपुर–खीरी।

विषय : शैक्षिक सत्र 2026–27 हेतु दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के अन्तर्गत निर्धारित समयावधि में Master Data से सम्बन्धित प्रक्रिया पूर्ण न किए जाने के संबंध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत किए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना, शैक्षिक सत्र 2026–27 के अन्तर्गत महाविद्यालयों द्वारा छात्रवृत्ति पोर्टल पर Master Data (पाठ्यक्रम, शुल्क संरचना, सीटों का विवरण, सम्बद्धता सम्बन्धी विवरण आदि) निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पूर्ण कराते हुए निर्धारित समय–सारिणी के अन्तर्गत अग्रसारित किया जाना था।

इस सम्बन्ध में समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित समय–सारिणी के अनुसार Master Data पूर्ण करने हेतु पर्याप्त समय प्रदान किया गया था (अन्तिम तिथि 30.08.2026)। तथापि, यह संज्ञान में आया है कि कतिपय महाविद्यालयों द्वारा निर्धारित समयावधि में Master Data से सम्बन्धित प्रक्रिया पूर्ण करके निर्धारित समयान्तर्गत अग्रसारित नहीं किया गया है। निर्धारित समयावधि के भीतर Master Data से सम्बन्धित प्रक्रिया पूर्ण न किए जाने के कारण महाविद्यालय के पात्र छात्र–छात्राओं के छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने से वंचित रह जायेंगें, जिसके लिए सम्बन्धित महाविद्यालय का उत्तरदायित्व निर्धारित हो सकता है।

अतः निर्धारित समय–सीमा के भीतर Master Data से सम्बन्धित प्रक्रिया पूर्ण न किए जाने के कारणों का स्पष्ट एवं तथ्यात्मक स्पष्टीकरण अग्रिम 03 कार्यदिवसों मे प्रत्येक परिस्थिति में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीया

(शशि प्रभा तिवारी)
नोडल अधिकारी
छात्रवृत्ति

पत्र संख्या SCST 16465-72 दिनांक 01/09/26

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही प्रेषित –

1. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
2. निदेशक, समाज कल्याण, कल्याण भवन, प्राग नारायन रोड, लखनऊ
3. जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकास भवन, लखनऊ।
4. जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकास भवन, हरदोई।
5. जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकास भवन, सीतापुर।
6. जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकास भवन, रायबरेली।
7. जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकास भवन, लखीमपुर खीरी।
8. इन्चार्ज वेबसाइट ल0वि0वि0।

31.08.26

(नोडल अधिकारी,
छात्रवृत्ति)